>

Title: Need to ensure uninterrupted mobile services of B.S.N.L. in Sheohar, Purvi Champaran and Sitamarhi districts of Bihar-laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर, पूर्वी चम्पारण एवं सीतामढ़ी के मोबाईल टावर रात 12 बजे से 4 बजे के दौरान बंद कर दिये जाते हैं जिसके कारण किसी घटना एवं आकस्मिक अवस्था में मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं किया जा सकता है । सामान्यतः सभी क्षेत्रों में 24 घंटे मोबाईल टावर कार्य करते हैं परन्तु इन्हीं तीन उक्त जिलों में मोबाईल टावर बंद कर दिये जाते हैं । मेरे जानकारी में आया हे कि बीएसएनएल ने जिन व्यक्तियों को मोबाईल टावर चलाने के लिए अनुबंधित किया है वे लोग डीजल की खपत कम करने के उद्देश्य से इन मोबाईल टावरों के जनेरेटरों को बंद कर देते हैं जिनके कारण चार घंटे तीनों जिलों की मोबाईल सेवा ठप्प हो जाती है ।

सदन के माध्यम से अनुरोध है इस प्रकरण की जांच करें तथा तीनों जिलों में मोबाईल सेवा 24 घंटे उपलबध करवाने का आदेश प्रदान करें ।